07

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय 2 वायु सेना स्थल हिंडन, गाज़ियाबाद

फ. नं०- Quotation /पी.एम.श्री/के०वि० 2 हिंडन /2026-27/

दिनांक.....

TENDER DOCUMENT

विद्यालय कैंटीन/ ख़ानपान व्यवस्था संबन्धित सेवाएँ एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

महोदय/महोदया,

केंद्रीय विद्यालय संगठन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत समिति है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रशासकीय योजना केंद्र सरकार के हस्तांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए संगठन है।

1. पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2 वायु सेना स्थल हिंडन गाज़ियाबाद द्वारा **विद्यालय कैंटीन/ ख़ानपान व्यवस्था संबन्धित सेवाएँ एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण** की खरीद हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
   निविदायें **पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ही स्वीकार्य होगी, कोरियर द्वारा मान्य नहीं होंगी।**

क्र० सं०	सामान/सेवा का विवरण/ सामान का विनिर्दिष्ट (Specification)	दरें जो दी जा रही है।	सामान की आपूर्ति हेतु निर्धारित समय	स्थान जहाँ पर सामान दिया जाना है।
1.	सूची इस टेंडर प्रपत्र के साथ संलग्न है	संलग्न सूचि में दरें फर्म द्वारा भरी जाएगी, वस्तुओं की दरों में **Freight on Road (F.O.R.)** सम्मलित होना चाहिए	सप्लाई आर्डर में निर्दिष्ट तिथि के अनुसार सामान की आपूर्ति करनी होंगी	पी एम श्री के० वि० 2 वायु सेना स्थल हिंडन गाज़ियाबाद उत्तरप्रदेश राज्य पिन कोड 201004

2. बोली कीमत :-

(क) बोलीदाता द्वारा विद्यालय में **विद्यालय कैंटीन/ ख़ानपान व्यवस्था संबन्धित सेवाएँ एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण** की आपूर्ति हेतु सामग्री सूचि में अंकित व विनिर्देषित (Specification) प्रपत्र में दरें भरकर देनी होगी। निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की दरों में त्रुटि को सुधार करने के लिए बोलीदाता द्वारा काटकर पुन: लिखकर तिथि सहित हस्ताक्षर करने होंगे, अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। **निविदा-दाता द्वारा दी गई दरें सामान को विद्यालय में पहुचाने सहित होगी, इसके अतिरिक्त कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा।**

(ख) बोलीदाता द्वारा समस्त प्रकार के कर एवं व्यवसाय हेतु कर्तव्यों के निर्वहन में जो भी देय हों को सम्मिलित कर अपनी दरें देनी होगी, परन्तु दिये गये कर जैसे जी एस टी(GST) इत्यादि निविदा में अलग से अंकित करना होगा तथा बिल में भी वस्तु की लागत व देयकर अलग-अलग अंकित करना होगा। विद्यालय में दी गई निविदा की दरों के अतिरिक्त कोई भी भुगतान नहीं दिया जायेगा। भविष्य में ऑडिट टीम द्वारा यदि फर्म के बिल में (GST दर / Over payment) की रिकवरी दर्शाई जाती है तो फर्म को ऑडिट रिकवरी का भुगतान करना होगा।

(ग) बोलीदाता द्वारा दी गई दरें दिनांक **01.09.2026 से 31.08.2027** तक के लिए मान्य होगी। बोलीदाता द्वारा दरें केवल भारतीय मुद्रा (रूपये)में ही अंकित करनी होगी। यदि बोलीदाता विद्यालय का टेंडर के अनुसार दिया गया कार्य नहीं करता है तो उस फर्म को भविष्य के लिए विद्यालय द्वारा नियमानुसार Black list कर दिया जाएगा।

Continued to Page .....

(घ) एक बोलीदाता द्वारा केवल एक निविदा ही जमा की जाएगी |

(ड) बोलीदाता दवारा अपने व्यवसाय के पंजीकरण, सेवा कर GST, PAN आयकर की छायाप्रति संग्लन करना आवश्यक है। सामग्री पर अंकित मूल्य से अधिक की दरें अस्वीकार्य । कृपया दरें सभी टैक्स को जोड़कर उपलब्ध कराये।

3. **निविदा की वैधता: -** निविदा दिनांक **01.09.2026 से 31.08.2027** तक वैध होगी।

4. **निविदा का मूल्यांकन: -** विद्यालय द्वारा निविदा का तुलनात्मक मूल्यांकन पर्याप्त निर्धारित प्रपत्रों, नियम एवं शर्तो की बाध्यता को पूर्ण करने, पूर्ण रूप से हस्ताक्षरित, विनिर्दिष्ट (Specification) एवं गुणवत्ता दी गई दरों की सूची की पुष्टि होने पर इस विद्यालय द्वारा मुल्यांकन किया जाएगा एवं विद्यालय क्रय समिति का निर्णय सर्वथा मान्य होगा।

5. **आपूर्ति आदेश/ अनुबन्ध: -**

(क) आपूर्ति आदेश उसी बोलीदाता को देने का निर्णय लिया जायेगा जिसकी निविदा निर्धारित प्रपत्र पर है, समस्त नियम एवं शर्तो का पालन करती हों एवं कम से कम दरें निविदा प्रपत्र में अंकित की गई है।

(ख) बोलीदाता जिसकी निविदा विद्यालय द्वारा स्वीकार की गई है, बोलीदाता को निविदा की वैधता की समयावधि के दौरान दिए गए आपूर्ति आदेश को वैधता खत्म होने से पूर्व पूर्ण करना होगा।

(ग) आपूर्ति की अधिसूचना के निर्णय में यदि किसी दरों और नियम एवं शर्तो में परिवर्तन होता है तो निर्दिष्ट किया जायेगा।

(घ) विद्यालय में सामान की आपूर्ति के सप्लाई आर्डर में निर्दिष्ट तिथि के अनुसार सामान की गुणवत्ता विनिर्देषित (Specification) को जांचने के उपरांत भुगतान किया जायेगा।

(ड) समस्त उपरोक्त निर्देशो के बावजूद पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2 वायु सेना केंद्र हिंडन गाज़ियाबाद द्वारा निविदा निरस्त करने व स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।

(च) सुरक्षा राशि Work/Contract राशि की 03% बिल में से वसूल की जायेगी और कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने की तिथि से 60 दिनों तक विद्यालय के पास जमा रहेगी तथा Work /Contract पूरा होने पर नियमानुसार वापस कर दी जाएगी।

6. **निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय: -**

सभी निविदा दाताओ से निवेदन है कि वे अपनी निविदा के लिफाफे के ऊपर इस प्रकार लिखे "**विद्यालय कैंटीन/ ख़ानपान व्यवस्था संबन्धित सेवाएँ एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण** " । निविदायें दिनांक **17.08.2026** तक स्वीकार्य की जाएगी तदुपरांत निविदाएं दिनांक **19.08.2026** को समय सुबह 11 बजे कार्यालय कक्ष में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी। यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को अवकाश हुआ तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय तक प्राप्त की जाएगी एवं निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। जिस तिथि से अनुबंध किया जायेगा उस तिथि से दिनांक **31.08.2027** तक के लिए अनुबंध मान्य होगा। निविदा दाता की सहमति से विद्यालय प्रबंधन समिति एवं क्रयसमिति की अनुमोदन से अनुबंध की अवधि को अतिरिक्त **एक वर्ष** के लिए बढ़ाया जा सकता है।

7. निविदा दाता को उपरोक्त सेवा / आपूर्ति के लिए कम से कम एक वर्ष का कार्य-अनुभव होना चाहिए।

8. **फर्म को निविदा में दी गई सूचि में सभी वस्तुओं / सेवाओं के मूल्य लिखने होगें अन्यथा वह निविदा मान्य नहीं होंगी।**

9. निविदा की स्वीकृति से पहले इस विद्यालय को यह अधिकार है कि वह मदों के नमूने को देख सकता है वह ठेकेदार को नमूना प्रदर्शन के लिए बुला सकता है एवं उनका प्रदर्शन भी करवा सकते है । आपूर्तिकर्ता इस कार्य को निशुल्क करने के लिए बाध्य है।

Continued to Page .....

10. यह विद्यालय भाव-विवरण की स्वीकृति तथा चीजों की खरीदारी के लिए आदेश देने की प्रक्रिया के दौरान मनोनीत किए गए सदस्यों के द्वारा निरीक्षण करेगा। यदि चीजें स्वीकृत नमूनों के अनुसार नहीं होगी तो यह विद्यालय अनुबंध को अस्वीकार कर सकता है एवं किसी स्पष्टीकरण के लिए बाध्य नहीं होगा।

11. **यदि कोई वस्तु /सामग्री/सेवा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है। उस स्थिति में विद्यालय द्वारा/निविदा दाता GeM पोर्टल से क्रय की जाएगी। इसके लिए निविदादाता / बोलीदाता को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा।**

12. सभी dIspute के लिए माननीय अध्यक्ष VMC, पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय न.2 वायु सेना केंद्र हिंडन का निर्णय मान्य होगा ।

13. सभी निविदादाताओं से आग्रह किया जाता है कि **वस्तु/सेवा की आपूर्ति के उपरान्त भुगतान के लिए शीध्रता नही करेंगे।**

इस विद्यालय में उचित वित्त उपलब्ध होने पर ही फर्म को तुरंत भुगतान किया जायेगा।

महत्वपूर्ण तथ्य:

निविदा जमा करने से पूर्व ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण तथ्य : -

1. निविदा की अन्तिम तिथि - 17.08.2026
2. निविदा खोलने की तिथि - 19.08.2026 समय: सुबह 11 बजे
3. **सुरक्षा राशि Work/Contract राशि की 3% बिल में से वसूल की जायेगी और कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने की तिथि से 60 दिनों तक विद्यालय के पास जमा रहेगी तथा Work /Contract पूरा होने पर नियमानुसार वापस कर दी जाएगी।**
4. बोलीदाता द्वारा दी गई दरें दिनांक **01.09.2026 से 31.08.2027** तक के लिए मान्य होगी।

<u>निविदा दाता निविदा भेजते समय निम्न बिन्दुओ की अनुपालन करें :</u>

- ➔ विद्यालय द्वारा दिए गए निर्धारित प्रपत्र पर ही सभी बोलीदाताओं से निविदायें प्राप्त की जायेंगी।
- ➔ सभी बोलीदाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ट पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर होने अनिवार्य है, तत्पश्चात फर्म का फॉरवार्डिंग लैटर उसके लेटरहेड पर संलग्न होना चाहिए।
- ➔ सभी निविदा दाताओ से निवेदन है कि वे अपनी निविदा के लिफाफे के ऊपर इस प्रकार लिखे "**<u>विद्यालय कैंटीन/ ख़ानपान व्यवस्था संबन्धित सेवाएँ एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण</u>**" ।

दिनांक : 25/07/2026

प्राचार्य
पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2
वायु सेना स्थल हिंडन गाज़ियाबाद उत्तरप्रदेश
पिन कोड - 201004

संलग्न : सेवा / आपूर्ति की सूचि पेज 04 से .10..... (कुल दस्तावेजो की संख्या ...07....)

प्राचार्य

Continued to Page .....

पीएम श्री के.वी. नं 2 एएफएस हिंडन गाजियाबाद
कैंटीन /खान –पान वर्ष 2026-27

निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे मानक दोपहर के भोजन और नाश्ते की वस्तुओं की दरें निविदाकर्ता की दर के कॉलम में संबंधित वस्तुओं के सामने निम्नलिखित प्रोफार्मा में उद्धृत करें:

Sl. No.	वस्तु	वजन आदि के साथ मात्रा	निविदाकर्ता की दर
1	गरम चाय	एक कप (100 एमएल)	
2	गरम कॉफ़ी	एक कप (100 एमएल)	
3	चाय (डिप)	एक कप (100 एमएल)	
4	कॉफ़ी (डिप)	एक कप (100 एमएल)	
5	समोसा / आलू बोंडा	आलू - मटर वाले	
6	ब्रेड पकौड़ा	आलू - मटर वाले	
7	पनीर पकौड़ा	30 ग्राम	
8	मिक्स पकौड़े	50 ग्राम	
9		100 ग्राम	
10	2 कचौड़ी	सब्जी के साथ	
11	ऑमलेट (एक अंडा)	दो स्लाइस के साथ	
12	ऑमलेट (दो अंडे)	दो स्लाइस के साथ	
13	गुलाब जामुन	प्रति किलोग्राम	
14	बालू शाही	प्रति किलोग्राम	
15	बेसन लड्डू	प्रति किलोग्राम	
16	बर्फी	प्रति किलोग्राम	
17	स्पंज रसगुल्ला	प्रति किलोग्राम	
18	सांबर वड़ा	एक पीस साम्बर चटनी के साथ	
19		दो पीस साम्बर चटनी के साथ	
20	इडली	एक पीस साम्बर चटनी के साथ	
21		दो पीस साम्बर चटनी के साथ	
22	सांबर और चटनी के साथ मसाला डोसा	एक	
23	चटनी सांबर के साथ प्लेन डोसा	एक	
24	साधारण लंच	4 रोटी, चावल, एक सब्जी, दाल, सलाद	
25	विशेष लंच	04 रोटी, पुलाव, पनीर की सब्जी, दाल, सलाद, पापड़, मिठाई.	
26	चावल- दाल/सब्जी	आधा प्लेट	
27	चावल -दाल/सब्जी	फुल प्लेट	
28	सब्जी / दाल	आधा प्लेट	
29	पनीर सब्जी	आधा प्लेट	
30	रोटी	प्रति पीस	
31	सब्जी पुलाव	आधा प्लेट	
32	सब्जी पुलाव	फुल प्लेट	
33	बिस्किट / कोल्ड ड्रिंक / फ्रूटी	एमआरपी से अधिक नहीं	
34	बर्गर छोटे आकार	01 पीस	
35	बर्गर पनीर (छोटा आकार)	01 पीस	
36	ब्रेड रोल (100 ग्राम)	01 पीस	
37	सैंडविच 2 Slices	01 पीस	

Continued to Page .....

Sl. No.	वस्तु	वजन आदि के साथ मात्रा	निविदाकर्ता की दर
38	उपमा (100 ग्राम)	100 ग्राम	
39	पोहा (100 ग्राम)	100 ग्राम	
40	छोले कुल्चे (2 पीस)	02 पीस	
41	छोले भुट्टे (2 पीस)	02 पीस	
42	सैंडविच 3 Slices	01 पीस	
43	Dhokla	Per Kg	
44	Paneer Cutlet	Per पीस	
45	Hightea (Roasted Kaju, Roasted Badam, Roasted Makhana, Bakery Cookies, Dhokla Sandwich, Mixture Namkeen, Potato wafers chips, Paneer and Mix Pakoda and sweets etc)	Per Person	
बैठक / सेमिनार के लिए जलपान / उच्च चाय / दोपहर का भोजन			
46	प्रशिक्षण/विज़िट/बैठक	उच्च गुणवत्ता वाली चाय, बिस्किट और एक (समोसा / ब्रेड पकोड़ा / आलू बोंडा)	
47	प्रशिक्षण / सेमिनार / बैठक / दौरा	उच्च गुणवत्ता वाली चाय (डिप), एक मिठाई, नमकीन, उच्च गुणवत्ता वाले कटलेट / पनीर पकौड़ा / सैंडविच (एक आइटम)	
48	बैठक/सेमिनार/यात्रा के लिए हाई टी।	उच्च गुणवत्ता वाली चाय / कॉफी, कोल्ड ड्रिंक / जूस / लस्सी (इनमें से एक), काजू / बादाम / भुना हुआ पिस्ता (इनमें से एक), मानक मिठाई, एक शाकाहारी / गैर-शाकाहारी कटलेट / पनीर पकौड़ा।	
49	स्टाफ के लिए लंच/डिनर	चावल, चार रोटी, दो सब्ज़ियाँ (दाल सहित), सलाद, अचार, रायता, मीठा	
50	कर्मचारियों के लिए मांसाहारी भोजन	नॉन वेज (मटन/चिकन, चार रोटी, रायता।	
51	यात्रा / सेमिनार के लिए दोपहर/रात्रि भोजन ।	पुलाव / चावल (पनीर के साथ) दाल / राजमा, एक तली हुई सब्जी, पनीर की सब्जी, रोटी / नॉन रायता, पापड़। सलाद, मीठा.	
52	अधिकारिक बैठक / सेमिनार के लिए लंच / डिनर।	स्वादिष्ट पुलाव / चावल (पनीर के साथ), पनीर की सब्जी, मिक्स चाप, मिक्स सब्जी, नॉन / रोटी / रूमाली रोटी पापड़, (दो प्रकार), सलाद, दो मिठाइयाँ।	
53	अधिकारिक बैठक / सेमिनार के लिए लंच / डिनर।	शाकाहारी / नॉन-वेज पुलाव, नॉन वेज / पनीर, नॉन, वेज चाप, सूप, मक्खन, भुना हुआ चिकन, आइसक्रीम, मिठाई, फल।	

Continued to Page .....

Sl. No.	वस्तु	वजन आदि के साथ मात्रा	निविदाकर्ता की दर
54	1. नाश्ता 2. दोपहर का भोजन और रात का खाना 3. शाम का नाश्ता और जूस 4. रात (सोने से पहले) छात्रों के लिए	1. क. दूध-200 मिली या अधिक। ख. मक्खन और जैम के साथ ब्रेड। ग. सांभर/चटनी/दलिया/पोहा (कोई एक) या आलू परांठा और दही या पूरी + सब्जी के साथ इडली और बड़ा। घ. केले के दो पीस या सेब(100 ग्राम)/मौसमी फल या उबले अंडे- 02 फीस या अंकुरित अनाज या सूखे मेवा 2. क. चपाती (तवा/तंदूर आदि) ख. प्लेन राइस/जीरा राइस/चावल पुलाव। ग. दाल या राजमा या छोले (कोई एक) घ. मिक्स वेज (मौसमी सब्जी)/कोफ्ता/बेसन करी। इ. शाकाहारी लोगों के लिए पनीर सब्जी और मांसाहारी लोगों के लिए अंडा/मछली/चिकन/मटन करी (दिन में एक बार) दोपहर और रात के खाने में अनिवार्य है। च. सलाद और अचार। छ. पापड़ (ब्रांडेड) ज. दही/रायता झ. मीठा व्यंजन/फल कस्टर्ड/खीर/फल (कोई भी एक) 3. क. जूस – 150-200 मिली. (पैक किया हुआ) (स्नैक्स और ख. स्नैक – सैंडविच/समोसा/आलू बोंडा/पैटीज 02 या अधिक। 4. क. फ्लेवर वाला दूध और चीनी – 200-250 मिली./न्यूनतम या अधिक/(सोने से पहले) ख. आइसक्रीम – 50-60 मिली. (संभावना/मौसम के अनुसार)	

Continued to Page .....

Sl. No.	वस्तु	वजन आदि के साथ मात्रा	निविदाकर्ता की दर
55	1. नाश्ता 2. दोपहर का भोजन और रात का खाना 3. शाम का नाश्ता और जूस 4. रात (सोने से पहले) एस्कॉर्ट / शिक्षकों के लिए	1. क. दूध-200 मिली या अधिक। ख. मक्खन और जैम के साथ ब्रेड। ग. सांभर/चटनी/दलिया/पोहा (कोई एक) या आलू परांठा और दही या पूरी + सब्जी के साथ इडली और बड़ा। घ. केले के दो टुकड़े या सेब का एक टुकड़ा (100 ग्राम)/मौसमी फल या उबले अंडे- 02 पीस या अंकुरित अनाज या सूखे फल। 2. क. चपाती (तवा/तंदूर आदि) ख. प्लेन राइस/जीरा राइस/चावल पुलाव। ग. दाल या राजमा या छोले (कोई एक) घ. मिक्स वेज (मौसमी सब्जी)/कोफ्ता/बेसन करी। इ. शाकाहारी लोगों के लिए पनीर सब्जी और मांसाहारी लोगों के लिए अंडा/मछली/चिकन/मटन करी (दिन में एक बार) दोपहर और रात के खाने में अनिवार्य है। च. सलाद और अचार। छ. पापड़ (ब्रांडेड) ज. दही/रायता झ. मीठा व्यंजन/फल कस्टर्ड/खीर/फल (कोई भी एक) 3. क. जूस – 150-200 मिली. (पैक किया हुआ) (स्नैक्स और ख. स्नैक – सैंडविच/समोसा/आलू बोंडा/पैटीज 02 या अधिक। 4. क. फ्लेवर वाला दूध और चीनी – 200-250 मिली./न्यूनतम या अधिक/(सोने से पहले) ख. आइसक्रीम – 50-60 मिली. (संभावना/मौसम के अनुसार)	

Continued to Page .....

Sl. No.	वस्तु	वजन आदि के साथ मात्रा	निविदाकर्ता की दर
56	कैंटीन किराया	प्रति माह (न्यूनतम 1650)	
57	बिजली और पानी का शुल्क	प्रति इकाई यूनिट	प्रति इकाई यूनिट

1. उद्धृत दरों में सेवा कर / बिक्री कर और जीएसटी आदि सहित सभी वैधानिक कर शामिल हो सकते हैं। कैंटीन ठेकेदार अतिरिक्त वस्तुएं (जैसे बिस्कुट, मिक्सचर, आइसक्रीम, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक) एमआरपी / बाजार दर पर उपलब्ध कराने के लिए स्वतंत्र होगा और मांग के अनुसार स्टॉक बनाए रखा जा सकता है।

2. कैंटीन का किराया (न्यूनतम 1650 रुपये प्रति माह) ठेकेदार द्वारा भुगतान किया जाएगा।

3. बिजली और पानी का शुल्क प्रति यूनिट के हिसाब से ठेकेदार द्वारा भुगतान किया जाएगा।

ठेकेदार के हस्ताक्षर, स्टाम्प/सील एवं दिनांक के साथ

Continued to Page .....

पी. एम श्री सेंट्रल स्कूल नं. 2 वायु सेना स्थल हिंडन गाजियाबाद			
भोजन की दरें – 2026-2027			
(सभी व्यय सहित, जीएसटी अतिरिक्त, यदि लागू हो)			
क्षेत्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता			
S. No.	सामान	आइटम / सामग्री और मात्रा	निविदाकर्ता की दर
1	नाश्ता	1. दूध- 200 मिली या अधिक। 2. मक्खन के साथ ब्रेड/जैम और स्प्राउट्स (मूंग/चना/मूंगफली/राजमा/सोयाबीन) 3. इडली और वड़ा के साथ सांभर और चटनी/दलिया/पोहा (कोई भी) या आलू परांठा, दही और अचार या पूरी और सब्जी 4. केले (2 पीस) या सेब- 1 पीस (100-150 ग्राम) या मौसमी फल या 02 पीस अंडे (उबले हुए)	
2	जलपान	1. फलों का जूस पैक (100-150 मिली) या 2. चाय और बिस्कुट	
3	दोपहर का भोजन, रात का भोजन	1. चपाती (तवा/तंदूर आदि) 2. चावल/चावल पुलाव (शाकाहारी) 3. दाल/रजमा/छोले 4. मिक्स वेज (मौसमी)/कोफ्ता/बेसन करी 5. शाकाहारी लोगों के लिए पनीर और मांसाहारी लोगों के लिए अंडे/मछली/चिकन/मटन करी। (लंच और डिनर में आइटम अनिवार्य हैं) 6. सूप (टमाटर/सब्जी) 7. सलाद और अचार मिक्स 8. पापड़ (ब्रांडेड) तला हुआ/भुना हुआ। 9. दही/रायता (सब्जी) या बूंदी 10. स्वीट डिश (डिनर) और फ्रूट्स कस्टर्ड/खीर (लंच में फ्रूट्स सेब/संतरा/किन्नू)	
4	जलपान (शाम 05:00 से 05:30 बजे तक)	1. जूस (पैक्ड 100 -150 मि.ली.) 2. नाश्ता - सैंडविच / समोसा / आलू बोंडा / पनीर पकौड़ा / पैटीज़ = 02 पीसी या अधिक (100-150 ग्राम)	
5	सोने का समय (बिस्तर पर जाने का समय)	1. दूध (200-250 मिली.) या आइसक्रीम (40-50 मिली.) यथा संभव/मौसम के अनुसार	

नोट:

1. मांसाहारी भोजन प्रतिभागियों / अनुरक्षकों की मांग के आधार पर एवं के.वि.स. के नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा।
2. भोजन/खाद्य तैयार करने के लिए ताजी सब्जियां, ब्रांडेड और पैक किए गए खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए।
3. कैटरर्स को अपने खर्च पर टेंट की व्यवस्था करनी होगी। खाद्य पदार्थों को स्कूल परिसर में ही पकाना होगा। खाना पकाने का काम ढके हुए क्षेत्र में किया जाना चाहिए। टेंट/शामियाना की व्यवस्था कैटरर्स को ही करनी होगी।4. खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पैक किए गए ब्रांडेड सामानों की सख्त निगरानी खाद्य निरीक्षण समिति द्वारा की जाएगी।
5. कैटरर्स को विशेष रूप से आइटम परोसने के लिए कम से कम 6 व्यक्तियों की व्यवस्था करनी होगी।
6. कैटरर्स को पूरी सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करनी चाहिए। रसोइयों के पास एप्रन, डिस्पोजेबल कैप आदि होने चाहिए।

केन्द्रीय विद्यालय नं.-2 वायु सेना केन्द्र हिण्डन, गाजियाबाद KENDRIYA VIDYALAYA NO.-2 A.F.S Hindan, GZB

Continued to Page .....

7. परोसने वालों को अवसर के अनुसार जैकेट, कैप के साथ अच्छी तरह से तैयार होना चाहिए।
8. खाद्य पदार्थ असीमित होने चाहिए, जिसमें प्रति छात्र प्रति भोजन कम से कम 2 अंडे या प्रति छात्र प्रति भोजन 40 ग्राम पनीर शामिल होना चाहिए।
9. यदि उपर्युक्त शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो संपूर्ण प्रदर्शन सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी और कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि कैटरर प्रति छात्र प्रति दिन 200 रुपये से कम दरें उद्धृत करता है, तो इसे "अनुचित मूल्य उद्धृत" कहा जाएगा। इस मामले में अनुबंध मूल्य के 30% के बराबर प्रदर्शन सुरक्षा अग्रिम रूप से जमा करनी होगी। यदि कैटरर इस निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन करने में सक्षम नहीं होगा, तो प्रदर्शन सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

इस कोटेशन के साथ जीएसटी, पैन पंजीकरण प्रमाणपत्र, एफएसएसएआई लाइसेंस की फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए। (अनिवार्य)

हम उपरोक्त वस्तुओं को, जिन वस्तुओं के लिए कोटेशन प्रस्तुत किए गए हैं, उनके सामने दर्शाई गई उपर्युक्त इकाई कीमत के विनिर्देशों के अनुसार, कोटेशन आमंत्रण में निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपूर्ति करने के लिए सहमत हैं।

<u>शपथ पत्र :</u>

विद्यालय के निविदा प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 13 तक उल्लिखित शर्त पर फर्म सहमत है।

हस्ताक्षर :
नाम :
तारीख :
जीएसटी सं. :
पैन नं. :
संपर्क नंबर :
फर्म की रबर सील :

Continued to Page .....